न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जिला जयपुर

प्रार्थना पत्र संख्या......18 / 2022

तहसीलदार शाहपुरा बनाम प्रकाश वगैरह

अन्तर्गत धारा 131, 132 एल आर एक्ट 1956

निर्णय दिनांक 20/12/22

तहसीलदार शाहपुरा के पत्र कमांक राजस्व/2022/ 1164 दिनांक 14.12..2022 के द्वारा संलग्न मौका निरीक्षण रिपोर्ट, एवं नजरी नक्शा ट्रेस के अनुसार ग्राम हनुतपुरा उर्फ रूडी तहसील शाहपुरा के खसरा नम्बरान 4245 रकबा 0.90 है0 में से 0.0370 है0 ख0नं0 4246 रकबा 0.75 है0, में से 0.0336 है0, ख0नं0 4244 रकबा 1.85 है0 में से 0.0536 है0, भूमि को मौके पर चालू आम रास्ता विधमान होने से मौके के अनुसार रिकार्ड में किस्म रास्ता दर्ज करने का प्रस्ताव अन्तर्गत धारा 131, 132 एल आर एक्ट के तहत तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त हुआ है। तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त प्रस्तावित आराजी में मौके पर कच्चा रास्ता चालू होना बताया है.। प्रेषित प्रस्ताव में यह भी अंकन किया कि प्रश्नागत आराजी में मौके पर रास्ता चालू है । प्रकरण में खातेदारो ने मौके पर चालू रास्ते को तथा सरपंच ग्राम पंचायत खोरालाडखानी के द्वारा राजस्व रिकार्ड में रास्ता दर्ज करने की सहमति दी है । इस प्रकार प्रकरण का अवलोकन से स्पष्ट है कि मौके पर भूमि रास्ते के ही काम आ रही है । रिपोर्ट तहसीलदार शाहपुरा व सरपंच ग्राम पंचायत खोरालाडखानी के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का अवलोकन से मौके पर स्थाई रूप से चालू रास्ते का समाधान होने एवं आमजन के हित को मध्यनजर रखते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित है।

अतः राज0 भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व 132 राज0 भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 60 H, 66 व 86 एवं राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप3(2)राज–6/2003/पार्ट दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में ग्राम ग्राम हनुतपुरा उर्फ रूडी तहसील शाहपुरा के खसरा नम्बरान 4245 रकबा 0.90 है0 में से 0.0370 है0 ख0नं0 4246 रकबा 0.75 है0, में से 0.0336 है0, ख0नं0 4244 रकबा 1.85 है0 में से 0.0536 है0, भूमि निजी खातेदारी में से (मुताबिक नजरी नक्शा ट्रेस) भूमि की किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। मुताबिक आदेश एवं प्रस्तावित नजरी नक्शा रास्ते की नक्शा ट्रेस में तरमीम संशोधन की जावे।

(मनमोहन)
उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर)
उप खण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान

क्रमांकःराजस्व/2022/ 613-614 दिनांक : 20/12/22

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 . तहसीलदार शाहपुरा को पालनार्थ।

2 . रक्षित पत्रावली।

(मनमोहन)
उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर)